

आर प्रागननंदा ने मजबूती से वापसी की

विश्वनाथन आनंद ने उनकी जीत पर कहा, प्रग्गु के लिए पिछले महीने विज्क आन जी में शुरुआत अच्छी नहीं थी, लेकिन उन्होंने अंतिम दिन आंड्रेय इसिपेंको को हराया था। एयरथिंग्स मास्टर्स के पहले दिन भी उनकी लिए चीजें आसान नहीं थीं, लेकिन उन्होंने मजबूती से वापसी की। आर प्रागननंदा के पहले से जानने वालों को यह पता है कि कार्लसन के खिलाफ उन्हें मिली जीत आश्यर्चचकित करने वाली नहीं है। अंडर–8 में वर्ल्ड चैंपियन बनने के समय दुनिया की नजर प्रागननंदा पर गई थी। उसके 5 साल बाद वे ग्रैंडमास्टर बन गए। मैगनस कार्लसन को प्रागननंदा से पहले सिर्फ दो भारतीय विश्वनाथन आनंद और पी हरिकृष्णा ने ही हराया था।

## कार्लसन को हराने वाले प्रागननंदा बोले– मैं अलग नहीं हूं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चेन्नई। भारत के 16 साल के ग्रैंडमास्टर आर प्रागननंदा ने ऑनलाइन रैपिड शतरंज टूर्नामेंट एयरथिंग्स मास्टर्स में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन को हराया था। 31 साल के कार्लसन वर्ल्ड चैंपियन हैं। प्रागननंदा ने 39 चाल में नॉर्वे की कार्लसन को मात दी थी। प्रागननंदा अंडर–8 और अंडर–18 कैटेगरी में वर्ल्ड चैंपियन रह चुके हैं।
मैगनस कार्लसन के खिलाफ जीत हासिल करने के बाद प्रागननंदा ने बात करते हुए कहा, निश्चित रूप से मेरी अब तक की सबसे बेहतरीन जीत में से एक है। मैगनल को हराने से किसी भी खिलाड़ी में आत्मविश्वास आएगा और मैं अलग नहीं हूं। इस मुकाबले को लेकर आगे बात करते हुए प्रागननंदा ने कहा, उनकी क्षमता जैसे खिलाड़ी के खिलाफ आप कभी आराम नहीं कर सकते। मैं बढ़त को जाने नहीं देना चाहता था और खुश हूं कि नतीजा मेरा पक्ष में आया। इस मैच के पहले रविवार को प्रागननंदा ने एक्टिव खिलाड़ियों में छठे रैंक के लेवोन अरोनियन को हराया था। उनसे आगे के मैच में उस आत्मविश्वास का फायदा मिला।

# दुनिया के लिए तू किंग कोहली है पर मेरे लिए हमेशा चीकू ही रहेगा


क्रिकेट

## पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने विराट कोहली के लिए लिखा इमोशनल मेसेज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के लिए एक भावुक चिट्ठी लिखी है। मंगलवार को युवराज ने सोशल मीडिया पर इमोशनल मेसेज साझा किया है। युवराज ने लिखा है कि उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान को एक क्रिकेटर और इनसान के रूप में बड़ा होते हुए देखा है। युवराज और विराट ने भारतीय टीम के साथ में कई मुकाबले खेले हैं। इसके साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर के लिए भी दोनों साथ खेले हैं। दोनों के बीच काफी गहरी दोस्ती है।

युवराज ने कहा कि कोहली ने किस तरह अपनी मेहनत और समर्पण के जरिए कई खिलाड़ियों को प्रेरित किया है। उन्होंने इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि विराट रनों का पीछा करते हुए भारतीय



टीम को कई मैच और जितवाएं। युवराज ने ट्वीट किया, शदिल्ली के एक छोटा सा लड़के से @imvkohli बनने की कहानी। मैं यह स्पेशल जूते तुम्हें डेडिकेट करना चाहता हूं। कप्तान के तौर पर तुम्हारे करियर ने दुनियाभर के करोड़ों फैंस के चेहरे पर मुस्कान बिखेरी है। मैं उम्मीद करता हूं कि तुम जैसे हो, वैसे ही रहो। जैसा खेलते हो, वैसा ही खेलते रहो और देश को गौरवांवित महसूस करवाते रहो। युवराज ने आगे लिखा, विराट, मैंने तुम्हे एक क्रिकेटर और इनसान के तौर पर बड़ा होते हुए देखा है। एक युवा जो भारतीय क्रिकेट के महान खिलाड़ियों के साथ कंधे–से–कंधा मिलाकर चला है। तुम अब स्वयं एक महान खिलाड़ी बन चुके हो, जो नई पीढ़ी को राह दिखा रहा है। मैदान पर खेल के लिए तुम्हारा अनुशासन और जुनून हर भारतीय बच्चे को बल्ला उठाने और एक दिन नीली जर्सी पहनने का सपना देखने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने आगे लिखा, साल–दर–साल तुमने अपने क्रिकेटर का स्तर ऊंचा किया है। और इस शानदार खेल में अभी तक इतना हासिल कर चुके हो जो मुझे तुम्हारे करियर में कामयाबी के नए अध्याय देखने के लिए उत्साहित कर रहा है। तुम एक महान कप्तान रहे हो और एक शानदार लीडर। मैं उम्मीद करता हूं कि रनों का पीछा करते हुए, जिसके लिए तुम मशहूर हो, शानदार पारियां खेलो। युवराज ने कोहली को गोल्डन बूट का एक स्पेशल एडिशन भी गिफ्ट किया। उन्होंने यह भी लिखा कि यह स्टार बल्लेबाज दुनिया के लिए भले ही किंग कोहली हो लेकिन उनके लिए वह हमेशा चीकू ही रहेगा।

युवराज ने अंत में लिखा, श्मेरे लिए तू हमेशा चीकू ही रहेगा और दुनिया के लिए किंग कोहली। अपने भीतर आग हमेशा जलती रहने देना। तुम एक सुपरस्टार हो। तुम्हारे लिए एक खास गोल्डन बूट। अपने देश को यूं ही गौरवांवित करते रहो।

# वॉर्नर, मैक्सवेल सहित ऑस्ट्रेलिया के बड़े नामों ने पाकिस्तान को दिया झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया की टीम अगले महीने पाकिस्तान के दौरे पर जा रही है। दोनों टीमों के बीच तीन टेस्ट, तीन वनडे और एक टी20 मुकाबला खेला जाएगा। टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ने पहले ही टीम की घोषणा कर दी थी। अब 29 मार्च से शुरू हो रही वनडे सीरीज और 5 अप्रैल को होने वाले टी20 मैच के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान हो गया है। इस टीम में पैट कमिंस, डेविड वॉर्नर और जोश हेजलवुड समेत कई बड़े खिलाड़ियों का नाम नहीं है।
वनडे और टी20 की टीम में ग्लेन मैक्सवेल, टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में विस्फोटक बल्लेबाजी करने वाले मैथ्यू वेड



और मिशेल स्टार्क का नाम भी शामिल नहीं है। आरोन फिंच की कप्तानी वाली इस टीम में जोश इंगलिस, बेन मैक्डरमॉट, नाथन एलिस को भी मौका दिया गया है। लखनऊ सुपर जायंट्स ने नीलामी से पहले मार्कस स्टोइनिस को ड्राफ्ट किया था। वे भी पाकिस्तान के खिलाफ वनडे और टी20 की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम का हिस्सा हैं। मार्च के अंत में आईपीएल के नए सीरीज की शुरुआत होगी। लीग में खेलने वाले जो ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी पाकिस्तान में वनडे और टी20 सीरीज नहीं खेलेंगे, वे 6 अप्रैल से आईपीएल में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। वे खिलाड़ी पहले ही भारत आ सकते हैं, लेकिन क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की पॉलिसी की वजह से 5 अप्रैल तक आईपीएल में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। पाकिस्तान से आईपीएल खेलने के लिए 6 अप्रैल को भारत आने के बाद खिलाड़ियों को प्रोटोकॉल के अनुसार क्वारेंटाइन में रहना पड़ेगा। ऑस्ट्रेलिया की वनडे और टी20 टीमरू आरोन फिंच (कप्तान), सीन एबॉट, एश्टन एगार, जेसन बेहरेनडॉफ, एलेक्स केरी, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, मार्नस लाबुस्चगाने, मिशेल मार्श, बेन मैकडरमोट, केन रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मार्कस स्टोइनिस और एडम जाम्पा।

## दस में से सात चीज तुझे सेक्रिफाइस करना पड़ेगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2022 मेगा आक्शन के सबसे महंगे खिलाड़ी ईशान किशन को भारतीय क्रिकेट टीम के सबसे प्रतिभाशाली युवा सितारों में से एक के तौर पर देखा जाता। युवा विकेटकीपर बल्लेबाज अपने करियर के शुरुआती चरण में है और वह कीफ कुछ उतार–चढ़ाव देखे हैं। इस बीच उन्होंने कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे सीनियर खिलाड़ियों से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला है। कोहली और रोहित को लेकर बात की। इस दौरान उन्होंने विराट के एक संदेश के बारे में बताया। आइपीएल 2021 के दौरान मुंबई इंडियंस का विकेटकीपर बल्लेबाज फार्म से जूझ रहा था, तब कोहली ने कहा था कि दस में से सात चीज तुझे सेक्रिफाइस करना पड़ेगा।
ईशान ने कहा, शुरुआत में मैं सोचता था कुछ ना कुछ अच्छा ही होगा यार... बस खेलते रहो, चलते रहो। लेकिन बाद में मेरा नजरिया बदल गया। रोहित भाई और विराट भाई ने जो मानक स्थापित किए हैं, वहां मैं आगे पहुंचना चाहता हूं। मैं उनके जैसा ही समर्पित होना चाहता हूं।

## न्यूज डायरी



### टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच को बदलने की मांग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम प्रबंधन गेंदबाजी कोच के तौर पर किसी पूर्व अनुभवी खिलाड़ी को चाहता है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सामने टीम प्रबंधन ने अपनी इच्छा व्यक्त कर दी है। फिलहाल इस पद पर पारस म्हाम्ब्रे हैं। माना जा रहा है कि टीम प्रबंधन अजीत अगरकर या जहीर खान को गेंदबाजी कोच चाहता है। इससे टीम इंडिया के तेज गेंदबाजी आक्रमण को फायदा होगा। सूत्रों ने दैनिक जागरण के सहयोगी प्रकाशन मिड–डे को बताया है कि भारतीय टीम प्रबंधन इस साल के अंत में आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप और अगले साल भारत में खेले जाने वाले आइसीसी वनडे विश्व कप के लिए पहले से अच्छी तैयारी करना चाहता है। दो टेस्ट और तीन एकदिवसीय मैच खेलने वाले म्हाम्ब्रे को गेंदबाजी कोच तब बनाया गया था, जब राहुल द्रविड़ को रवि शास्त्री के बाद मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। शास्त्री की सहयोगी टीम पिछले साल टी 20 विश्व कप के बाद अपने अनुबंध को बढ़ाना नहीं चाहती थी।

### भारत जीत सकता है 50 ओवर का वर्ल्ड कप: मिताली राज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ऑकलैंड। भारत की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज ने मंगलवार को कहा है कि उनकी टीम 4 मार्च से न्यूजीलैंड में शुरू होने वाले आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप को जीतने के लिए सक्षम है। उन्होंने आगे कहा कि यहां आने के बाद टीम परिस्थितियों को समझने और कड़ी मेहनत पर ध्यान केंद्रित कर रही है। भारत 4 मार्च से न्यूजीलैंड में छह स्थानों पर खेले जाने वाले मेगा इवेंट में अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जिसमें 6 मार्च को चिर–प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला मुकाबला खेलेगा। मिताली ने कहा कि मेगा इवेंट में भारत की खिताबी जीत का देश पर जो असर होगा, वह अविश्वसनीय होगा। आईसीसी से मिताली ने कहा, 'हमने दिखाया है कि हम ट्रॉफी जीतने में सक्षम हैं। अब बस सिर्फ ऐसा करने भर की देरी है। ऐसा करने का प्रभाव अविश्वसनीय होगा। मैं केवल कल्पना कर सकती हूं कि इसका क्या प्रभाव होगा।' कप्तान ने आगे कहा, 'मुझे 2017 में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के फाइनल की भावनाएं स्पष्ट रूप से याद हैं, जब टीम जीत के इतने करीब आ गई थीं।

### ऋषभ पंत के साथ कॉम्पीटिशन के बारे में सोचते हैं ईशान किशन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भारतीय टीम के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन अभी तक टीम में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाए हैं। 23 साल के ईशान को प्रमुख खिलाड़ियों के बाहर रहने पर प्लेइंग इलेवन में खेलने का मौका मिलता है। वेस्टइंडीज के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टी20 सीरीज के तीनों मैच में उन्हें खेलने का मौका मिला, लेकिन वे अपने प्रदर्शन से प्रभाव नहीं छोड़ पाए। विकेटकीपर होने के बाद भी ईशान वनडे और टी20 क्रिकेट में बल्लेबाज के रूप में खेलते हैं। अभी ऋषभ पंत भारतीय टीम में प्रमुख विकेटकीपर की भूमिका निभाते हैं। पंत और किशन दोनों ही 2016 अंडर–19 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम का हिस्सा थे। किशन उस टीम के कप्तान थे और पंत उपकप्तान। ईशान ने पंत के साथ अपने रिश्तों के बारे में खुलासा किया है।

### 18 साल की ऋचा घोष ने खेली ऐतिहासिक पारी, 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** क्वीन्सटाउन। न्यूजीलैंड और भारत की महिला टीमों के बीच वनडे सीरीज का चौथा मुकाबला क्वीन्सटाउन में खेला गया। इस मैच से पहले खेले गए तीनों मैचों को न्यूजीलैंड ने अपने नाम किया था। बारिश की वजह से चौथा मैच 20–20 ओवर का ही हुआ और इसें न्यूजीलैंड की टीम ने 63 रनों से अपने नाम कर लिया। मैच में भले ही भारतीय टीम को हार मिली, लेकिन 18 साल की विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया है। ऋचा घोष ने इस मैच में 29 गेंद पर 52 रनों की पारी खेली। उन्होंने 26 गेंद पर फिफ्टी पूरी की।